अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ मे दिनांक 21–01–2015 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं" विषय पर रैली का आयोजन किया गया. रैली में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने लगभग 200 विद्यार्थियों को हरी झड़ी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया. यह रैली बल्लबगढ़ शहर के विभिन्न कॉलोनियों से होकर निकाली गई. पंचायत भवन के समक्ष पहुँचकर रैली में माननीय बल्लबगढ. तहसीलदार श्री नरेश जोवल ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए रैली मे उनका साथ दिया. रैली का मुख्य उद्देश्य "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान को समर्थन देना रहा. प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने अपने संबोधन में बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय हमेशा से ही समाज कल्यानकारी सेवाओं में अग्रणी रहा है और समयानुसार कन्या भ्रूण हत्या, नारी सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे ज्वलंत विषयों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है और भविष्य में भी हमेशा ऐसे समाज विकासोन्मुखी कार्यक्रमों के बारे में छात्र–छात्राओं को अवगत कराता रहेगा तथा इस प्रकार के आयोजनों से युवा शक्ति के माध्यम से समाज को भी जागृत करता रहेगा. रैली समापन के पश्चात प्रागंण में उपस्थित हुए सभी विद्यार्थियों को बल्लबगढ़ तहसीलदार ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए अपनी शुभकामनाएं एवं समाज की उन्नति मे सहायक बनने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि बेटी को पढ़ाकर ही हम समाज को शिक्षित एवं विकसित बना सकते है. इस अवसर पर महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ की तीनों यूनिट्स इंचार्ज डॉ० पूनम आनन्द, श्रीमती शोभना गोयल तथा डॉ० ऊषा चौधरी उपस्थित रही. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय की एन.एस.एस. तीनों इकाइयों के कार्यक्रमाधिकारियों श्री रविन्द्र जैन, श्रीमती किरण आनन्द, श्रीमती रेखा सैन व उनके स्वयंसेवकों व सेविकाओं ने अपना विशेष योगदान दिया.